**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 25 जनवरी, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने गणतंत्र दिवस-2025 समारोह के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर माननीय राष्ट्रपति महोदया के समक्ष प्रदर्शन के लिए पूर्वी सिंहभूम के पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा की बैंड टीम के चयन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की बेटियों द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में बैंड प्रस्तुति देना झारखंड राज्य के लिए गर्व का विषय है। ये बेटियाँ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अहम अभियान की प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये बेटियाँ अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य को गौरवान्वित करेंगी और समस्त बेटियों में नई ऊर्जा का संचार करेंगी।

विदित हो कि राष्ट्रीय विद्यालय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग (DoSEL), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हर वर्ष रक्षा मंत्रालय के सहयोग से किया जाता है। इस वर्ष प्रतियोगिता के राज्य और क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित प्रतिस्पर्धा के

माध्यम से 13 राज्यों की 16 बैंड टीमों और 463 विद्यार्थियों का चयन फाइनल के लिए किया गया। इस संस्करण में पहली बार तीन सरकारी विद्यालयों की बैंड टीमों को गणतंत्र दिवस परेड 2025 में प्रदर्शन का अवसर मिला है। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा की छात्राएं माननीय राष्ट्रपति महोदया के मंच के समक्ष प्रदर्शन करेंगी।

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में स्थित, पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (पटमदा) एक आवासीय विद्यालय है। यहां कक्षा 6 से 12 तक की छात्राएं अध्ययन करती हैं। विद्यालय की पाइप बैंड गर्ल्स टीम, जो कक्षा 8 से 12 तक की छात्राओं से बनी है, ने 2024-25 की राँची में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय बैंड प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया था और गुवाहाटी में क्षेत्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई। इस टीम को रामगढ़ स्थित सिख रेजिमेंट एवं पंजाब रेजिमेंट के प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त है। साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली इन छात्राओं ने कठिन परिस्थितियों में अनुशासन और मेहनत के बल पर असाधारण सफलता अर्जित की है। इस टीम में पार्वती महतो (टीम लीडर), आशालता महतो, पिंकी, कल्याणी महतो, ममता महतो,

बासंती महतो, वर्षारानी मांझी, साधना महतो, सुभद्रा कर्मकार, रूपाली टुडू, प्रमिला महतो, रूमा महतो, कल्पना टुडू, पूजा रानी महतो, पूजा महतो, रिया महतो, छाया महतो, सविता महतो, उषारानी सोरेन, पल्लवी महतो, इबिल हांसदा, सुकरमनी सोरेन, बर्नाली मांझी आदि है।

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने भी बैंड टीम को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि झारखंड की इन बेटियों ने अपनी प्रतिभा से न केवल राज्य का सम्मान बढ़ाया है, बल्कि देशभर की बेटियों के लिए प्रेरणा का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इन छात्राओं के राज्य आगमन के उपरांत माननीय राज्यपाल महोदय इनसे मिलेंगे एवं उन्हें सम्मानित करेंगे।

**(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (JUT), रांची के प्रथम दीक्षांत समारोह के अवसर पर उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह समारोह उनके परिश्रम, समर्पण और सफलता का प्रतीक है तथा उनके जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है।**

राज्यपाल महोदय ने विद्यार्थियों से कहा कि अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग न केवल अपनी प्रगति के लिए, बल्कि समाज को प्रेरित और सशक्त बनाने के लिए करें। उन्होंने आशा प्रकट की कि "विकसित भारत@2047" के विजन को साकार करने में यह विश्वविद्यालय और यहाँ के विद्यार्थी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग न केवल व्यक्तिगत प्रगति के लिए, बल्कि समाज के सशक्तिकरण और प्रेरणा के लिए भी करें। उन्होंने वर्तमान युग में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रही अभूतपूर्व प्रगति पर प्रकाश डालते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की उपलब्धियों का उल्लेख किया। चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग और आदित्य-एल1 के सूर्य अध्ययन हेतु प्रक्षेपण ने भारत को वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित किया है।

राज्यपाल महोदय ने विद्यार्थियों को नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी और डिजिटल समावेशन जैसे क्षेत्रों में योगदान देकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संघर्षों व चुनौतियों का सामना धैर्य और आत्मविश्वास से करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा।

**(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर आर्यभट्ट सभागार, राँची में आयोजित समारोह में सभी मतदाताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह दिवस लोकतंत्र के प्रति हमारे संकल्प और नागरिक जिम्मेदारियों का प्रतीक है।**

राज्यपाल महोदय ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का मतदान करना न केवल उसका संवैधानिक अधिकार है, बल्कि एक परम कर्तव्य भी है। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के 75 वर्षों के सफल संचालन का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में आयोग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर झारखंड की जनता से आग्रह किया कि वे सदैव जाति, धर्म, भाषा या प्रलोभनों से ऊपर उठकर मतदान करें पूरे विवेक के साथ मतदान करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस सभी नागरिकों को उनकी जिम्मेदारियों को बताता है। इस वर्ष के 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे प्रेरक और जागरूकता बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने झारखंड के युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण होते ही मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज

कराएँ और लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता जनता की जागरूकता और भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल साधनों और अभियान चलाने वाले सभी अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी नागरिकों से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल महोदय ने उक्त अवसर पर वरिष्ठ मतदाताओं और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने वाले युवा मतदाताओं को सम्मानित किया। साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, चुनाव के सफल संचालन में योगदान देने वाले विभिन्न जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पुलिस अधिकारियों, सह-निर्वाचन पदाधिकारियों तथा अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों को भी उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।